ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति की जड़ें कर रहा मज़बूत

▶ नॉर्थ ओडिशा विश्वविद्यालय बारीपदा के कुलपति ने राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी को प्रदान की डॉ. ऑफ लिटरेचर की उपाधि - राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित

कार्यक्रम के दौरान समूह चित्र में ब्र.कु. निर्वैर, ब्र.कु. शील, राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, श्रीमति पुरोहित, दादी रतनमोहिनी, ब्र.कु. नलिनी, ब्र.कु. मृत्युंजय, ब्र.कु. सत्यनारायण तथा विशिष्ट अतिथिगण।

संस्था की अति. मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी जी को डॉ. ऑफ लिटरेचर की उपाधि प्रदान करते हुए नॉर्थ ओडिशा विश्वविद्यालय बारीपदा के कुलपति प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्रा। साथ हैं ब्र.कु. मृत्युंजय व अन्य।

शांतिवन। आज धर्म के नाम पर बंटवारे हो रहे हैं। हमारी संस्कृति में कहीं जाति-धर्म का उल्लेख नहीं है। विश्व में कई संस्कृतियां आईं और चली गईं। लेकिन हमारी संस्कृति आज भी टिकी हुई है, इसका कारण अध्यात्म है। ब्रह्माकुमारी विश्व विद्यालय उसी भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने का काम कर रही है। उक्त उद्गार असम-गुवाहाटी के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने ब्रह्माकुमारीज़ की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन एवं सांस्कृतिक महोत्व में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस वातावरण में आकर मुझे बहुत सुखद अनुभूति हुई। ये संस्था राष्ट्रनिर्माण का कार्य कर रही है। ऐसे संगठन से जुड़ा रहना बड़ी बात है। यहां के ज्ञान और आध्यात्मिकता को देखकर हमारी आँखें खुल गईं। सत्य निष्ठा के साथ किये जा रहे कर्मों में ही ईश्वर का साथ रहता है।

असम के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को मोमेन्टो देकर सम्मानित करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ के महासचिव ब्र.कु. निर्वैर तथा शिक्षा प्रभाग के उपाध्यक्ष ब्र.कु. मृत्यंजय। साथ हैं श्रीमति पुरोहित।

राजयोग अपनाने से ही होगी जीवन में शांति : जस्टिस कार्की

नेपाल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मोहन बहादुर कार्की ने कहा कि मैं 30 साल से संस्था से जुड़ा हूँ। आज लोगों के जीवन में धन-दौलत है, लेकिन शांति नहीं है। शांति के लिए राजयोग के अलावा और कोई दूसरा उपाय नहीं है। एकमात्र राजयोग से ही शांति की अनुभूति होती है। यहां के सात दिन का कोर्स सभी को सीखना चाहिए। राजयोग के अभ्यास से हमारी लाइफस्टाइल चेंज हो जाती है।

कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक गीतों पर सुंदर प्रस्तुति देते हुए रशिया की कलाकार बहन।

यहां मैने शांति की अनुभूति की: सिवेद साहनिया

एडिटर सिवेद साहनिया ने कहा कि यहां से शांति और प्रेम का संदेश दुनियाभर में दिया जा रहा है। ब्रह्माकुमारीज़ में जो परमात्म ज्ञान दिया जा रहा है, इससे निश्चित ही मनुष्य में परिवर्तन होता है। यहां मैंने दो दिन रहकर शांति की गहन अनुभूति की। साथ ही प्रेम और भाईचारा देखने को मिला।

स्व परिवर्तन से होगा विश्व परिवर्तन: कोंडल रॉव

लैम्बो ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ हैदराबाद के चेयरमैन कोंडल रॉव ने कहा कि स्व परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन होगा। ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व परिवर्तन का महान कार्य कर रही है। यहां से प्राप्त होने वाला ज्ञान बहुत ही गहरा और अद्भुत है। मैं इस संस्था से 25 वर्ष से जुड़ा हुआ हूँ। समाज में जो नेगेटिव विचार हैं उन्हें परिवर्तन करने में ये संस्थान नि:स्वार्थ भाव से लगा हुआ है।

पवित्रता की शक्ति से होगा विश्व परिवर्तन: ब्र.कु. अमीरचंद

सोशल सर्विस विंग के अध्यक्ष ब्र.कु. अमीरचंद ने कहा कि विश्व परिवर्तन संसार का शाश्वत नियम है, जो इस समय ईश्वरीय, परमात्म शक्ति के निर्देशन में ब्रह्माकुमारीज़ के माध्यम से किया जा रहा है। पवित्रता की शक्ति ही मूल शक्ति है जो इस विद्यालय की ओर सभी को खीच रही है। पवित्रता की शक्ति से ही शांति की स्थापना होगी।

परमात्मा ने खुशियों से भर दिया दामन : ब्र.कु. गोदावरी

ब्रह्माकुमारीज़ मुंबई मुलुंद की सबज़ोन इंचार्ज ब्र.कु. गोदावरी ने कहा कि हमेशा ऐसा महसूस होता है कि परमात्मा कदम-कदम पर साथ चल रहा है। यह कार्य स्वयं परमपिता परमात्मा का है। इस यात्रा को आज 80 साल हो गए हैं। परमात्मा ने जीवन में इतनी खुशी और शांति भर दी है कि अब और कुछ पाना बाकी नहीं रह गया।

दादी को डॉ.ऑफ लिटरेचर की उपाधि से नवाज़ा

नॉर्थ ओडिशा विश्वविद्यालय बारीपदा के कुलपति प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्रा ने संस्था की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी को डॉ. ऑफ लिटरेचर की उपाधि प्रदान की। उन्होंने कहा कि दादी ने ओडिशा में संदेशवाहक के रूप में लोगों में आध्यात्मिकता और प्रभु के संदेश का प्रचार-प्रसार किया है जो बहुत ही सराहनीय है।

कार्यक्रम के दौरान सुंदर नृत्य प्रस्तुति देते हुए प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री ग्रेसी सिंह तथा साथी कलाकार।

मीडिया जगत की नामचीन हस्तियों को किया सम्मानित

मेट्रो व मेघा टी.वी. के चेयरमैन व एम.डी. के. जयाप्रसाद, चौथी दुनिया के एडिटर संतोष भारतीय, एस.लाइव चैनल के ग्रुप एडिटर अजय दवे, वरिष्ठ पत्रकार भव्य श्रीवास्तव आदि गणमान्य अतिथियों को मीडिया के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदानों हेतु 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। साथ ही नेपाल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मोहन बहादुर कार्की, नॉर्थ ओडिशा विश्वविद्यालय बारीपदा के कुलपति प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्रा तथा अभिनेता जीतू वर्मा का भी सम्मान किया गया। एडवोकेट ब्र.कु. लता ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन गुड़गांव की ब्र.कु. उर्मिल ने किया। राजयोग की दिव्य व गहन अनुभूति ज्ञान सरोवर की ब्र.कु. सुमन ने कराया। पीस न्यूज़ के न्यूज़ एडिटर एवं संस्था के पी.आर.ओ. ब्र.कु. कोमल ने सभी अतिथियों एवं सभा में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

सुंदर नृत्य की प्रस्तुति के बाद कलाकार बालिकाओं को ईश्वरीय स्मृति चिन्ह देने के पश्चात् उनके साथ समूह चित्र में दादी रतनमोहिनी, ब्र.कु. मृत्युंजय तथा अन्य।